copy (in English and Hindi) of the Ministry of Industry and Company Affairs (Department of Company Affairs), Notification G.S.R. No. 486, dated the 18th May, 1985 publishing the Monopolies and Restrictive Trade Practices Commission (Recruitment of Members of Staff) Amendment Rules, 1985 under sub-section (3) of section 67 of the Monopolies and Restrictive Trade Practices Act, 1969.

[Placed in Library. See No. LT-1219/85.]

CALLING ATTENTION TO A MATTER OF URGENT PUBLIC IMPORTANCE

Need to ensure premunerative prices for agricultural produce particularly paddy, wheat, potato, sugarcane and oilseeds to establish parity between prices of agricultural products and industrial goods

MR. CHAIRMAN: Now, we take up the Calling Attention.

SHRI KALPNATH RAI (Uttar Pradesh): Sir, I beg to call the attention of the Minister of Agriculture and Rural Development to the need to ensure remunerative prices for the agricultural produce particularly paddy, wheat, potato, sugarcane and oilseeds with a view to establish parity between prices of agricultural products and industrial goods.

SHRI DIPEN GHOSH (West Bengal): Where is the Minister? whose attention is being called? It is a serious matter. It has to be looked into. It has already been listed on the agenda and the Minister should have been present in the House.

THE MINISTER OF AGRICULTURE AND RURAL DEVELOPMENT (SHRI BUTA SINGH): I am sorry, Sir. I was holding the floor in the other House.

SHRI M^ ;S. GURUPADASWAMY (Karnataka): We should pull up the Government. It is not fair at all.

MR. CHAIRMAN: You should apologise to Mr. Kalpnath Rai.

SHRI BUTA SINGH: Through you, I apologise to Shri Kalpnath Rai. Sir, As I had mentioned on earlier occasions in the House, the Government is keen to ensure remunerative prices to the producers. The main objectives of the Government's price policy for agricultural produce are aimed at ensuring remunerative prices to growers with a view to encouraging them for higher investment and production, and safeguarding the interests of consumers by making available supplies at reasonable prices. The price policy seeks to evolve a balanced and integrated price structure in the perspective of the overall needs of the economy. Towards this end, Government announces each season procurement/support prices for major agricultual commodities including paddy, wheat, sugarcane and principal oilseeds and organises purchase operations through public agencies such as Food Corporation of India, Jute Corporation of India, Cotton Corporation of India, National Agricultural Cooperative Marketing Federation (NAFED) and Tobacco Board besides cooperative and other agencies designated by the State Governments .

The Hon'ble Members will happy to note that during the current marketing season a record quantity of rice of 9.77 million tonnes has been procured upto 19th July, 1985 by the Food Corporation of India and State Government agencies. In wheat also, the procurement this season of 10.3 million tonnes upto 19th July has already surpassed last year's level of 9.3 million tonnes. During the last season, potato prices had gone down with a bumper harvest. As soon as prices started falling, Government took th_e initiative and in consultation with the State Governments, asked NAFED and State agencies to enter | the market for support operations at market intervention price with a view

[Shri Buta Singh] to ensuring that the growers wore not put to loss.

Government has made standing arrangements in the case of potato, onion and rapeseed and mustard for intervention, in the market by the Central and State agencies whenever prices tend to fall below the remunerative levels. At part of this scheme, inistructions had been issued for NAFED to act as the Central agency and State mrketing federations as State agencies to enter the market when the prices fall below[1] remunerative level. As a result, market intervention operations for rapeseed and mustard have been carried out in the States of Rajasthan, Gujarat, Madhya Pradesh, Haryana and Uttar Pradesh and a total quantity of 76120 tonnnes has already been purchased by NAFED by 24th July, 1984. This operation has helped the prices to rally. Prior to this, Govern-ses in respect of Soyabean in the State agencies to undertake support purchases in respect of Soyabean in the State of Madhya Pradesh, where prices tended to fall with the bumper harvest. As a result of market intervention bv these agencies, the prices moved above the support level.

As Hon'ble Members are aware, Government announces the statutory minimum prices fof sugarcane. However, the sugarcane growers received State advised prices in the range of Rs. 18.50 to Rs. 22.00 per quintal which were much higher than the statutory minimum price.

T may inform the Hon'ble Members that the Government decides on the procurement/support pricec for various agricultural commodities taking into account the recommendations of the Commission for Agricultural Costs and Prices, the views of the State Governments and Central Ministries as well as such other relevant factors which, in the opinion of Government, are important for fixation of such prices. According to revised terms of reference of the Commission, the Commission is enjoined to take into account the changes in the terms of trade between agricultural and non-agricultural sectors, while recommending the procurement/support prices.

The concept of the terms of trade relates, in a narrow sense, to price parity between agriculture and in dustry. For estimating the terms of trade between the agricultural and non-agricultural sectors, the commo dities exchanged between the two sectors have to be identified and their reletive share in the total exchange estimated. The Commission has for mulated its own methodology for es timating the movements in the terms of trade. The agricultural sector broadly sells to the non-agricultura* sector wheat, jowar, bajra, maize, ragi, paddy/rice, gram pulses and pulse products, milk and milk pro ducts, meat and meat products, fruits and vegetables, gur, groundnut, rapeseed, mustard, linseed, sesamum, cas tor seed, jute, cotton, sugarcane, tob acco and rubber. The commodities purchased by the agricultural sector can be divided into three groups, viz., for final consumption, for capital for mation and for intermediate consum ption. The items have been identi fied and weights estimated using in formation derived respectively from studies carried out by National Sample Survey Organisation, Reserve Bank of India and Central Statistical Organisation.

Taking the price/price indicators, the terms of trade between agricultural and non-agricultural sectors are worked out, and, if the terms of trade are found to be removing against the agricultural sector,, then a correction may be considered. In this context, it needs to be appreciated that parity can fluctuate sharply in the short run, but price policy cannot be subjected to such fluctuations since such fluctuations may tend to cancel out over time. Only to the

extent that a trend is established over a period of years, it would be necessary to apply a correction for the change in the parity.

I am happy to inform the Members that since 1979-80 the prices received by the farm sector have increased to 154.5 per cent whereas the prices paid by the agriculture sector have shown a rise to 154.9 per cent. Thus, the terms of trade have not been allowed to move against the agricultural sector. This has been possible because the Government has suitably raised the procurement/support prices during these years.

I can assure the House that the Government is fully alive to the needs of the farmers and will spare no efforts to see that they receive remunerative price for their produce. In fact, Government is already organising marketing support through Central and State agencies in a number of commodities. Through these efforts, I am sure we would be able to provide the required support to the farming community.

श्री हक्मदेव नारायण यादव (बिहार): मेरा व्यवस्था का प्रश्न यह है कि हिन्दी में जो मंत्री जी का वक्तव्य दिया गया है वह इस तरह से छपा है कि उस में आप कुछ पढ़ ही नहीं पा सकते हैं। तो इस पर हम सवाल जवाब क्या करेंगे । यह ऐसा छपा है कि इस को पढ़ पाना दुर्लभ हैं। यह चार कापियां मेरे हाथ में हैं, लेकिन सब पर लीपा-पोती है और इस में से किसी की छपाई ठीक नहीं हैं ।

MR. CHAIRMAN: The ruling is given. It should be printed better hereafter.

SHRI BUTA SINGH: We will do it, Sir.

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय सभापति महोदय, माननीय कृषि मंत्री जी ने मेरे ध्यान आकर्षण प्रस्ताव पर जो वक्तव्य दिया है उस के संबंध में मैं कहना चाहता हूं कि हमारे कृषि मंत्री जी खुद भी एक किसान हैं और उन्होंने दो बातें कही हैं कि रिम्युनरेटिव प्राइसेज हमने दी है किसानों को ।

[उपसभापति महोदया पीठासीन हुईं ।]

1980 में किसानों को 10 रुपये क्विंटल के हिसाब से दाम बढ़ाया गया । फिर 1981 में 10 रुपये क्विंटल के हिसाब से दाम बढ़ाया गया, फिर 1983 में 10 रुपये के हिसाब से दाम बढ़ाया गया, और फिर 1984 में 10 रुपये क्विंटल के हिसाब से गेहूं का दाम बढ़ाया गया, लेकिन आप जब कृषि मंत्री हैं तो 5 रुपये क्विंटल के हिसाब से दाम क्यों बढ़ाया गया । उस समय जब 10 रुपये प्रति क्विंटल दाम बढ़ाया गया था तो एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन हिन्दुस्तान में था और हमारे देश के प्रधान मंत्री श्री राजीव गांधी जी ने उसी चुनाव के दौरान यह कहा कि आज से एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन नहीं होगा बल्कि एग्रीकल्चर कास्ट ऐंड प्राइसिंग कमीशन होगा । पहले हम एग्रीकल्चर की कास्टिंग करेंगे और तब प्राइसिंग करेंगे यानि, यह किसान के हित में एक बहुत बड़ा कदम था । तो जब आप ने एग्रीकल्चर कास्ट ऐंड प्राइसिंग कमीशन बनाया जो दस रुपये क्विंटल के हिसाब से लगातार पिछले चार बार आप ने गेहूं का दाम बढ़ाया था लेकिन उस के बाद इस बार ही 5 रुपये क्विंटल दाम क्यों बढ़ा, पहले तो मैं इस बात का उत्तर मंत्री जी से चाहता हूं ।

दूसरी बात, 12 मार्च, 1980 को श्रीमती गांधी की अध्यक्षता में केन्द्र की कैबिनेट ने यह फैसला किया था कि एग्रीकल्चर सेक्टर में पैदा होने वाली वस्तुओं और कारखानों में पैदा होने वाली वस्तुओं के दामों में पैरिटी इस्टैबलिश होगी और इस के लिए एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन को जो टर्म्स ऐंड रेफरेंस भेजा उस में पैरिटी के सिद्धांत भेजें । तो मैं पूछता

[श्री कल्पनाथ राय]

चाहता हूं कि क्या कारखानों में पैदा होने वाली चीजों के दामों में और खेतों में पैदा होने वाली चीजों के दामों में कोई पैरिटी है ? बिलकुल पैरिटी नहीं है। आज ही कांग्रेस संसदीय दल की बैठक में वित्त मंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी ने कहा सब से महत्वपूर्ण बात जिस पर हमें चिन्ता हो रही है वह चीनी और उसी के साथ गुड़ है । इन वस्तुओं की कीमतें खुदरा और थोक दोनों स्तरों पर तेजी से बढ़ी हैं। अनेक बाजारों में बढ़ीं। चीनी 7 रुपये से 8 रुपये किलो तक बिक रही है। तो समस्या देश में चीनी की खपत के बारे में है। 1978–79 में 68 लाख मीटरिक टन चीनी का उत्पादन था । 1983–84 में वह 83 लाख मीटरिक टन हो गया। किन्तु पिछले साल 59 लाख मीटरिक टन हो गया और चालू वर्ष में 62 लाख मीटरिक टन हो गया । यानी देश में 20 लाख मीटरिक टन उत्पादन कम हुआ यह आप के वित्त मंत्री जी ने स्वीकार किया है। 1980 में 22 रुपये क्विंटल गन्ने का दाम निर्धारित किया गया था और 1985 में भी 22 रुपये गन्ने का दाम निर्धारित किया गया । तो क्या पिछले पांच वर्षों में जो किसान गन्ना पैदा करते हैं अपने खेतों में, क्या उन की मजदूरी नहीं बढ़ी ? क्या इस बीच फर्टिलाइजर के दाम नहीं बढ़े ? क्या इस बीच बिजली के दाम नहीं बढ़े ? पानी के दाम नहीं बढ़े ? क्या खेतों में काम करने वाले मजदूरों की मजदूरी नहीं बढ़ी ? या इंस्ट्रमेंट्स के दाम नहीं बढ़े । फिर 5 वर्ष में लगातार कास्ट आफ प्रोडक्शन बढ़ता रहा । तो 1980 में आप ने 22 रुपये क्विंटल का दाम दिया और आज भी 22 रुपये क्विंटल का दाम दे रहे हैं। यही कारण है कि आप का उत्पादन 84 लाख मीटरिक टन से घट कर 62 लाख मीटरिक टन हो गया। जब देश की नेता श्रीमती इंदिरा गांधी ने किसानों को रिम्यूनरेटिव प्राइस दिया । जब जनता पार्टी के दौरान किसानों को गन्ने का उचित दाम नहीं दिया गया तो चीनी का उत्पादन घटकर 38 लाख टन हो गया, लेकिन जैसे ही श्रीमती इंदिरा गांधी ने किसानों को 22 रुपया क्विंटल गन्ने का दाम दिलाया तो वैसे ही हिन्दुस्तान के किसानों ने 85 लाख मीट्रिक टन चीनी का उत्पादन किया । पिछले पांच साल से जब आप उनकी कास्ट आफ प्रोडक्शन के हिसाब से दाम नहीं दे रहे हैं तो आज गन्ने का उत्पादन 84 लाख टन से घटकर इस साल 62 लाख टन रह गया है। जब चीनी की कमी हो गई तो उसके दाम बढ़कर 7 रुपये, 8 रुपये किलो हो गए हैं। जब एग्रिकल्चरल प्राइस कमीशन था तो किसानों को रिम्यूनरेटिव प्राइस मिली थी, लेकिन जब एग्रिकल्चरल कास्ट एण्ड प्राइस कमीशन बना तो किसानों को रिम्यूनरेटिव प्राइस कहां मिली ? यह हमारे वित्त मंत्री श्री विश्वनाथ प्रताप सिंह जी का वक्तव्य है।

श्रीमन्, गेहूं के बारे में भी उन्होंने कहा है कि गेहूं के अभाव के कारण अनाज की कठिनाई उत्पन्न हो गई है। आदरणीय बूटा सिंह जी, जो हमारे कृषि मंत्री हैं, वे खुद किसान हैं और उनका विश्वास है कि आज किसानों की हालत पहले से अच्छी नहीं है । आज किसान का बेटा एक तरफ भारत की सीमाओं की, हिमालय की चोटियों पर, देश की रक्षा कर रहा है, मातृभूमि की रक्षा में अपना खून पसीना बहा रहा है वहां दूसरी ओर हिन्दुस्तान का किसान खेतों में दिन रात खून पसीना एक करके अनाज पैदा कर रहा है । उसके बावजूद भी किसान की आज प्रगति नहीं हो रही है, उसकी दुर्गति हो रही है । मैं पूरे देश के किसानों की तरफ से आपसे कहना चाहता हूं कि आज हिन्दुस्तान का किसान अपने बच्चों की शादी नहीं कर सकता है, उसका बैल मर जाए तो वह बैल नहीं खरीद सकता है, न ट्रैक्टर खरीद सकता है । वह न अपने बेटे को पढ़ा सकता है, न वह अपने मकान को बना सकता है अगर वह गिर जाए ।

श्रीमन्, 400 रुपया क्विंटल लोहा 6 महीने पहले बिक रहा था, आज वह

800 रुपये क्विंटल बिक रहा है। आपने 5 रुपये क्विंटल गेहूं का दाम बढ़ाया है जब कि 400 रुपये क्विंटल लोहे का दाम बढ़ा है। क्या यह कारखानों में बनने वाली चीजों और खेतों में पैदा होने वाली चीजों के दामों में पैरिटी है? श्रीमती इंदिरा गांधी ने 12 मार्च, 1980 को स्वीकार किया था कि खेतों में काम करने वाले किसान को हंसुवा, कुदाल, फावड़ा और अनेक इम्प्लीमेंट्स खरीदने पड़ते हैं। अगर वह ट्रैक्टर खरीदेगा, लोहा खरीदेगा, और चीजें खरीदेगा, अपना उत्पादन बढ़ाने के लिए तो क्या उसको अधिक दाम नहीं देने पड़ेंगे? मैं आदरणीय कृषि मंत्री जी से पूछना चाहता हूं कि आदरणीय भूतपूर्व प्रधान मंत्री जी ने इतना बड़ा काम किया कि हिन्दुस्तान में एग्रिकलचरल प्राइस कमीशन था, उसको एग्रिकलचरल कास्ट और प्राइस कमीशन किया। लेकिन उसके बाद भी क्यों नहीं किसानों को उचित दाम मिलते। श्रीमती इंदिरा गांधी ने कहा था कि हम पहले एग्रिकल्चरल की कास्ट तय करेंगे, फिर प्राइस तय करेंगे। इतना बड़ा क्रान्तिकारी कदम उन्होंने उठाया। बम्बई में लाखों लोगों की सभा में प्रधान मंत्री ने कहा--

> "Now, remunerative prices will be given to the farmers of India, after the establishment, of the Agricultural Cost and Prices Commission."

अब मैं आदरणीय कृषि मंत्री जी से कुछ सवाल पूछना चाहता हूं। क्या सरकार हिन्दुस्तान के सभी गांवों के किसानों पर लदे कर्ज की जानकारी करने के लिए एक कमीशन बैठाएगी ताकि किसानों की सही आर्थिक स्थिति की जानकारी हो सके?

क्या सरकार संपूर्ण हिन्दुस्तान के किसानों की परचेजिंग कैपेसिटी का सर्वे करवाएगी जो लगातार घट रही है?

क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि छोटे एवं मझौले किसान अलाभप्रद खेती होने के कारण भारी संख्या में गांवों को छोड़कर दिल्ली, बम्बई, कलकत्ता, मद्रास एवं देश के अन्य बड़े रोजीरोटी की तलाश में भाग रहे हैं जिसके फलस्वरूप बड़े शहरों की भी जनसंख्या बढ़ती जा रही है और वहां जनसंख्या का दबाव बढ़ता जा रहा है?

क्या सरकार यह बताने की कृपा करेंगी कि जब वह एक तरफ 1200 करोड़ रुपए का खाद्यान्न तेल विदेशों से खरीद रही है तो उस हालत में भी किसानों को सरसों एवं खाद्यान्न तेल उत्पन्न करने वाले पदार्थों का अच्छा मूल्य नहीं दे रही है? परिणामस्वरूप खाद्यान्न तेल उत्पादकों का उत्पादन उस पैमाने पर नहीं हो रहा है जिससे देश आत्म-निर्भर बन सके?

क्या सरकार यह बतायेगी कि जब सन् 1980 में गन्ने का दाम 22 रुपए प्रति क्विंटल निर्धारित किया गया तो क्या 5 वर्षों में गन्ना पैदा करने वाले किसानों के लिए बिजली, पानी, डीजल ट्रैक्टर मजदूरी फर्टिलाइज आदि के दामों में भारी बढ़ोत्तरी नहीं हुई? तो फिर गन्ने का दाम सरकार ने क्यों नहीं बढ़ाया है?

क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि गन्ना उत्पादन करने वाले किसानों को लाभप्रद मूल्य न देने के कारण 20 लाख मैट्रिक टन चीनी का उत्पादन कम हुआ है जिसके कारण चीनी का दाम बेतहाशा बढ़ा है एवं उपभोक्ताओं को 8 रु0 प्रति किलो चीनी खरीदनी पड़ रही है? जिसके कारण चीनी का दाम बेतहाशा बढ़ा है एवं उपभोक्ताओं को 8 रुपये प्रति किलो चीनी खरीदनी पड़ रही है?

क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सन् 1971 एवं सन् 1985 के बीच में 321 प्रतिशत कारखानों में बनने वाली वस्तुओं के दाम बढ़े हैं। जब कि खेतों में पैदा होने वाली चीजों का दाम मात्र 105 प्रतिशत बढ़ा है परिणामस्वरूप गांवों में बसने एवं खेती करने वाले किसानों की आर्थिक स्थिति कमजोर हुई है एवं कारखानों में माल

[श्री कल्पनाथ राय]

पैदा करने वाले पूंजीपतियों ने भारी मुनाफा कमाया है जिसके कारण गांवों एवं शहरों के बीच गरीबी एवं अमीरी में ज्यादा फर्क पड़ा है ?

क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सन् 1980 में श्रीमती गांधी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्री परिषद् ने 12 मार्च, 1980 को कारखाना में पैदा होने वाली एवं खेतों में पैदा होने वाली चीजों के बीच में पैरिटी का सिद्धांत स्वीकार किया था एवं एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन के टर्म्स आफ रेफरेंस में पैरिटी के सिद्धांत को लागू करने की सिफारिश की थी ?

क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि नये प्रधान मंत्री द्वारा एग्रीकल्चर कास्ट एंड प्राइस कमीशन की घोषणा के बावजूद किसानों को पहले की अपेक्षा उनके द्वारा खेतों में पैदा की जाने वाली चीजों का दाम कम मिल रहा है जबकि केवल एग्रीकल्चर प्राइस कमीशन जब था तो किसानों को उनके खेतों में पैदा होने वाली चीजों का दाम ज्यादा मिला था ?

क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि ग्रास नेशनल प्रोडक्ट में 2/3 हिस्सा एग्रीकल्चर सेक्टर का है एवं 1/3 हिस्सा इंडस्ट्रियल सैक्टर का है फिर भी सरकार इंडस्ट्रियल सेक्टर को एग्रीकल्चर सेक्टर की अपेक्षा दूना पैदा अपने केन्द्रीय बजट में खर्च करने का निर्णय लिया है ?

क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि राष्ट्रीयकृत बैंकों में ग्रामीण इलाकों की पूंजी 75 प्रतिशत है एवं शहरों की पूंजी 25 प्रतिशत है जब कि राष्ट्रीयकृत बैंकों की 75 प्रतिशत पूंजी इंडस्ट्रियल हाउसेज को एवं शहर के निवासियों को कर्ज के रूप में दी गई है एवं केवल 25 प्रतिशत धन ग्रामीण इलाकों एवं कृषि के लिए लोन दिया जा रहा है ?

क्या सरकार सातवीं पंचवर्षीय योजना में कृषि पर आधारित उद्योगों को प्राथमिकता देगी एवं गांवों के समग्र एवं समन्वित विकास के लिए व्यवस्था करेगी ?

क्या सरकार सातवीं पंचवर्षीय योजना में प्लान आउटले का केवल 1/4 हिस्सा ही कृषि, सिंचाई एवं ग्रामीण विकास पर खर्च करने का विचार कर रही है ?

क्या सरकार यह बताने का कष्ट करेगी कि फसल बीमा योजना को उसने किन-किन क्षेत्रों में कहां-कहां लागू किया है ? क्या सरकार अच्छे किस्म के बीजों के वितरण के लिये कोई राष्ट्रीय नीति बनायेगी ?

क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी कि नेशनल बैंक फार एग्रीकल्चर एण्ड रूरल डेवलेपमेंट में भारत के करीब 6 लाख गावों के विकास के लिये कितनी धन राशि रखी जायेगी ?

क्या सरकार देश के किसानों को कम दर की ब्याज पर ऋण देने की घोषणा करेगी ताकि किसान सस्ते ब्याज पर ऋण प्राप्त करके अपनी खेती का वैज्ञानिक ढंग से विकास कर सके ?

क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि उ०प्र० एवं बिहार तथा बंगाल में अनवरत बाढ़ एवं सूखे के प्रकोप का शिकार होने के कारण इस इलाके में बसने वाले किसान लगातार तबाही एवं बर्बादी के शिकार होते जा रहे हैं, परिणामस्वरूप तीनों प्रान्तों की जनता। गरीबी की दलदल में फंसी हुयी है । क्या सरकार उ०प्र०, बिहार, बंगाल को बाढ़ की विभीषिका से बचाने के लिये गंगोत्री पर टेहरी डैम एवं घाघरा, राप्ती, शारदा नदियों पर पंचेश्वरी, कर्नाली, भालूबान्ध डैमों का भाखड़ा नंगल डैम की भांति डैमों का निर्माण करायेगी जिससे उ०प्र०, बिहार, बंगाल के किसानों को सूखा एवं बाढ़ के प्रकोप से बचाया जा सके ?

क्या सरकार यह बताने की कृपा करेगी कि वह अगले कितने वर्षों में देश

के सभी किसानों, गांवों एवं खेती को पानी एवं बिजली की गारण्टी कर सकेगी ?

क्या सरकार, कारखानों में पैदा होने वाली चीजों के दामों एवं खेती में पैदा होने वाली चीजों के दामों में समानता पैदा करने के लिये कोई हाई पावर कमेटी या कमीशन बैठायेगी जो दोनों के दामों में समानता लाने के लिये कुछ आवश्यक सिफारिशें केन्द्रीय सरकार से करे ?

क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि हिन्दुस्तान में पर-हैक्टेयर अनाज का उत्पादन दुनिया के अन्य देशों की अपेक्षा बहुत कम है ? क्या सरकार दुनिया के अन्य देशों की भांति पर-हेक्टेयर अनाज का उत्पादन बढ़ाने के लिये ठोस एवं समयबद्ध कदम उठायेगी ? क्या यह बात सही नहीं है कि हिन्दुस्तान में पर केपिटा अनाज का कंज्म्पशन अन्य देशों से कम है ?

क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि सरकार द्वारा जो लाभप्रद मूल्य तय किया गया है, वह भी किसानों को नहीं मिल रहा है बल्कि बिचौलियों एवं सरकारी कर्मचारी दोनों मिलकर किसानों से सस्ते दामों पर अनाज खरीद कर लाभप्रद मूल्य की कीमत पर गोदामों में अनाज जमा कर रहे हैं एवं इस तरह किसानों का शोषण हो रहा है ?

क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि छोटे एवं मझोले किसान बिचौलियों द्वारा लूट के ज्यादा शिकार हो रहे हैं क्योंकि छोटे किसानों को अपने जीवन की जरूरीयात (आवश्यकता) के लिये तुरन्त अनाज बेचना पड़ता है एवं बिचौलियों द्वारा मजबूरी का फायदा उठाया जा रहा है ?

क्या सरकार अपनी प्रोक्योरमेंट मशीनरी को वैज्ञानिक ढंग से संगठित करेगी ताकि छोटे एवं मझोले किसानों को शोषण से बचाया जा सके ?

क्या सरकार को इस बात की जानकारी है कि किसानों को अपना कच्चा माल आलू, प्याज इत्यादि को रखने की सहूलियत न होने के कारण मिट्टी के दाम बेचना पड़ रहा है ? फरुखाबाद में आलू एक रुपया में छः किलो, बम्बई में छः रुपया में एक किलो एवं पांच सितारा होटलों में सौ रुपया में एक किलो आलू चिप्स बिक रहा है ?

क्या सरकार आलू एवं प्याज जैसे कच्चे मालों को रखने के लिये राष्ट्रीय पैमाने पर कोल्ड स्टोरेज का निर्माण करायेगी ? क्या सरकार हाई ईल्डिंग वेराइटीज आफ सीड्स के प्रसार हेतु राष्ट्र के पैमाने पर अभियान चलायेगी ? क्या सरकार एक्सपोर्ट ओरिएन्टड क्रोप्स को बढ़ावा देगी ताकि किसान खेती का लाभप्रद मूल्य प्राप्त कर सके ? क्या सरकार समर ग्राउन्डनट, सोयाबीन, सनफ्लावर का युद्धस्तर पर विकास करने के लिए इम्प्रूव्ड टेक्नोलोजी अपनाएगी ताकि देश खाद्यान्न तेल में आत्मनिर्भर बन सके ? क्या सरकार इन्टेग्रेटड रूरल डेवलपमेन्ट, नेशनल रूरल इम्प्लायमेन्ट प्रोग्राम और रूरल लेण्डलेस इम्प्लोयमेन्ट गारन्टी योजना, रिहेबिलिटेशन आफ बोन्डेड लेबर, सप्लाई आफ ड्रिंकिंग वाटर फेसिलिटीज आदि कार्यक्रमों को सातवीं पंचवर्षीय योजना में प्राथमिकता देगी ताकि एग्रीकल्चर सेक्टर की इकनोमी को मजबूत बनाया जा सके ?

SHRI MUKHTIAR SINGH MALIK (Haryana): On a point of order, Madam. May I ask whether he is speaking for himself or on behalf of the whole House?

SHRI S. W. DHABE (Maharashtra): He has the right to ask questions.

श्री कल्पनाथ राय : आदरणीय उपसभापति महोदया, मैं आदरणीय कृषि मंत्री जी से ये सवाल पूछ रहा हूं .... (व्यवधान)

श्री वीरेन्द्र वर्मा (उत्तर प्रदेश) : वे सब किसानों की तरफ से बोल रहे हैं।

श्री कल्पनाथ राय : मैं इस देश के करोड़ों करोड़ किसानों की तरफ से ये सवाल उठा रहा हूं । अगर हमारे देश का किसान मजबूत होगा तो इस देश की अर्थ व्यवस्था मजबूत होगी और भारत की एकता और अखण्डता मजबूत होगी । हमारे देश को नये प्रधान मंत्री जी ने किसानों के हित में एग्रीकल्चरलप्राइसेज एण्ड कास्ट कामीशन बनाया है । मैं आशा करता हूं और कृषि मंत्री जी से प्रार्थना करता हूं कि आप करोड़ों किसानों के दुख दर्द को केबिनेट के सामने ठीक ढंग से प्रस्तुत करें ताकि किसानों को खेती में पैदा होने वाली चीजों का रिम्यूनरेटिव प्राइस मिल सके । अगर ऐसा नहीं होगा तो किसान खेती छोड़कर शहरों में रिक्शा और तांगा चलाने आ जाएगा । और हमारे देश की अर्थ-व्यवस्था चरमरा जाएगी । इन शब्दों के साथ में आदरणीय कृषि मंत्री जी से हाथ जोड़कर करोड़ों किसानों की तरफ से यह प्रार्थना करना चाहता हूं कि वे किसानों को उनके उत्पादन का

DR. SHYAM SUNDAR MOHAFATRA (Orissa): Madam Deputy Chairman, a very pertinent subject has been called to attention in this Calling Attention Motion. The agriculturists are in the unorganised sector. The industrial people are in the organised sector. What is the protection for this unorganised sector? They eannot go on strike; they cannot revolt; they cannot hold the country to ransom. That is why their cause has gone by default. I would request the hon. Minister to be more conscious about the unorganised sector because one inflammable incident may cause widespread discontent.

Madam, price of every commodity Is rising. The price of every industrial output has gone up by leaps and bounds—10 times, 15 times, 20 times. But what has been the fate of these agriculturists? How do you give them protection for their produce? Madam, in China, the prices of agricultural commodities are the same what they were in 1950s'. It is very surprising. Not that the agricultural sector has been ignored because there is protection price for them. We were astounded to see in China that rice, potato, anything they can get today from the market at the price prevailing in '60s. So our Minister should not only give protection to those who are producing but also those who are consumers. There should be some support for the consumers also.

Madam, what about food storage? Nearly 70 lakh tonnes of wheat this year has been spoiled due to rains. What is the storage capacity? Why do you not ask the Warehousing Corporation to give storage houses at every district and every subdivision? Warehousing Corporation has gone by default. The management has gone by default. There is no storage house and about 70 lakh tonne3 of wheat has been spoiled. Last year 4 to 5 lakh tonnes of wheat were also spoiled. So storage houses are inquired. The Karnataka Government has recommended support prices for rice, ragi, jowar growers. Why not the Government of India think of it, why leave it to a Commission? Mr. Rajiv Gandhi, the Prime Minister, in all election speeches, Mr. Kalpnath Rai, praised the farmers too, said that agriculture is the backbone of the society. So, why don't you help those who are the real backbone of the society? Mr. Chan-dulal Chandrakar said in the last session:

"The Government would do everything to ensure that, the farmer, who fe the backbone of the society, gets a fair deal."

Is it a fair deal? It is hardly Ave rupees more than what it was last year. Madam, while inaugurating a three-rlav seminar last time, Rao Birendra Singh said:

"To ensure reeular and adecma+e flow to rural areas, initiative has to

be taken in designing an effective and viable delivery system which could meet the needs of the wage-earner."

There is no designing of an effective and viable system. The public distribution system is- corrupt, ineffective and not to the benefit of the rural consumers.

Madam, it is true that 9.30 million tonnes of rice and nearly 10 million tonnes of wheat have been procured. We have a good buffer stock, we are allowed to export these consumer goods. But why then the prices of agricultural goods are rising in the market? Ask any housewife, she will tell. The price of rice has gone up, the price of wheat has gone up, -the price of potatoes has gone up, tomatoes are selling at Rs. 10 a kg. Everything is going up.

Keynes, while writing his Economic Theory, said that it is the price of staple food which determines the price of other commodities: so, the price of staple food has to be controlled but then you have to have an effective distribution system: This is being talked about in this Parliament since the days of Jawaharlal 'Nehru and no effective system has been designed, if there is a distribution system, it is corrupt. I can only praise the West Bengal Government that their distribution system is much better than ours: My constituency is adjacent to West Bengal and so I have seen it. On one side, some corruption while distributing relief; on the other side, corruption, yes, but to the minimum because it is a cadre-based party through which they distribute. Why not the ruling party, which is « cadre-based organization, go in for voluntaW bodies? The cadre should go for distributing all the produce you have and not leave it to the bureaucratic system.

Madam, in the agriculture system there are two classes of people—the landless labour or those who have one to two acres of land, and the landed magnates. That is why economist K.N. Raj said;

"The concept of a support price, in the first place, was supposed to arise from the need to protect small farmers as much as the surplus ones from the ravages of the general price level."

This concept to give support price to the agricultural sector is to support the landed magnates. But,, at the same time, while giving them support you have also to think about the landless people or marginal farmers. Without that concept this whole theory will be a hyperbole.

About the sugab industry, Madam, the price of sugar is going up. You may say it is controlled, but it is not. I have seen it. It is Rs. 10 a kg;, in Orissa, in the rural and tribal areas ___ (Interruptions) _____ It is ten 'rupees in tribal and Harijan areas of Orissa. Parents do n<St get even a [1] spoonful of sugar for children to drink milk. Sugar consumption in 19B0-81 was 49 lakh tonnes, in 1981-82, 50.30 lakh tonnes in 1982-83, 64.81 lakh tonnes, in 1983-84, 74.42 lakh tonnes and, in 1984-85 it .is over 80 lakh, tonnes. There is a shortfall of 20 lakh tonnes. How do you get it, how do you control sugar-distribution system and also the procurement system?

With these words, I would rather request the Minister to have a moratorium on interest on the capital which the agriculturists have taken from financial institutions and from the banks.

Thank you very much.

THE DEPUTY CHAIRMAN- Mr. Satyanarayan Reddy.

SHRI B. SATYANARAYAN REDDY (Andhra Pradesh). Madam Chairman

SHRI B. SATYANARAYAN RED-DY: She will become Chairman also. That day will come.

THE DEPUTY CHAIRMAN: Thank you.

श्री बी० सत्यनारायण रेड्डी : आज का जो विषय है वह बहुत ही महत्वपूर्ण है। हिन्दुस्तान एक कृषि प्रधान देश है लेकिन हिन्दुस्तान का किसान दुनिया का सब से ज्यादा गरीब किसान है। हिन्दुस्तान में किसान जो पैदा करता है उसकी उचित कीमत उसको नहीं मिलती है, रेमुनरेटिव प्राइस नहीं मिलता है। जो नौकरीपेशा और कारखानेदार हैं या जो बिजनेस-मैन हैं दिन-प्रतिदिन मालामाल होते जा रहे है। चार दिन में एक मामूली ठेकेदार अपना घर बना लेता है, बंगला बना लेता है। मोटर रखता है। लेकिन जो किसान है, उसके लड़के हैं, कई सालों तक अपनी खेती पर जिन्दगी गुजारता है वह अपने लिए एक छोटा सा घर बनाने की स्थिति में नहीं है। इसकी वजह क्या है? सारे हिन्दुस्तान का जो नक्शा है वह तरक्की के बजाय गिरता जा रहा है। इसकी तरफ भी सरकार को कभी ध्यान देना चाहिये। कल्पनाथ राय जी ने जो मसला उठाया हैं वह सदन में पहली बार नहीं आया है बल्कि इस विषय पर हम हमेशा से चर्चा करते आ रहे हैं और सरकार इस पर कुछ न कुछ ध्यान देती है। अभी मंत्री महोदय ने लम्बा-चौड़ा वक्तव्य दिया है लेकिन यह सिर्फ कागज पर है। जरा आप किसान की सही हालत देखिये, आप जाकर देखिये और हमारी हालत, कारखानों में नौकरी पेशों में लगे हुए लोगों की हालत का इनकी हालत को जरा कम्पेअर कर के देखिये। वे सही मायनों में अपने बच्चों को बराबर तालीम भी नहीं दे सकते हैं, दवा नहीं दे सकते हैं, पहनने के लिए तन ढकने के लिए कपड़ा तक भी नहीं दे सकते हैं। ऐसी हालत में किसान रहता है। वह अपने बच्चों को दो वक्त का भोजन भी नहीं खिला सकता है जबकि वह सभी वस्तुओं को पैदा जरूर करता है लेकिन खुद नहीं खा सकता। इस हालत में आज किसान आ गया है। इसलिए इस पर बड़ी गम्भीरता से सोचा जाना चाहिये। आप तो कमीशन बैठा देते हैं, कीमतें वगैरह मुकर्रर करते हैं लेकिन सब चीजें कागजों पर रह जाती है। असल में एस० टी०सी० वगैरह को आपने किसानों से माल खरीदने के लिए मुकर्रर किया है लेकिन यह एजेंसियां किसान जो पैदा करता है खरीदती नहीं है इसलिए किसान मजबूर होकर के मिडलमैन के यहां बेचे देते हैं, उन्होंने कर्जा ले रखा होता है और इस तरह से उनकी सारी पैदावार इसी में चली जाती है। मैं यह जानना चाहता हूं कि इससे किसानों को बचाने के लिए आप क्या इकदाम उठा रहे हैं? किसान धान पैदा करता है, दालें पैदा करता है, तम्बाकू पैदा करता है। हमारे इलाके में किसान धान, तम्बाकू, कपास और मिर्च पैदा करता है। वह बहुत गरीबी की हालत में है। हमने हर साल सरकार को कितने मैमोरेंडम दिये हैं, सदन के अन्दर भी कहा है कि किसानों को उनकी उपज का रेमुनरेटिव प्राइस मिलना चाहिये लेकिन इसके लिए आप जवाब यह देते हैं कि कमीशन बैठा दिये हैं कमेटियां बना देते हैं बोर्ड बना देते हैं लेकिन सही मायने में जो राहत उनको मिलनी चाहिये, सहूलियतें उनको मिलनी चाहियें वे नहीं मिलती हैं। आन्ध्र प्रदेश के मुख्य मंत्री श्री एन०टी० रामाराव ने केन्द्रीय सरकार को इस सम्बन्ध में पत्र लिखा है और बहुत से सुझाव दिये हैं। उन्होंने तम्बाकू उत्पादकों के बारे में 30 मई, 1983 को प्रधानमंत्री को एक पत्र लिखा है जिसमें कुछ सुझाव दिये हैं। मैं सारा पत्र नहीं पढ़ूंगा लेकिन उसका कुछ अंश मैं यहां पर पढ़ना चाहता हूं।

"You aire aware of the various problems which the tobacco growers of Andhra Pradesh have been facing of late. At my request, and due to your kind intervention, the State Trading Corporation of India entered the tobacco market this year. Although there are complaints that the pace of purchase of tobacco by the STC of India has been

slow and that the quantities purchased are meagre, the very fact that the STC has entered the market has had a salutary effect."

उपसभापति : रेड्डी साहब आप सवाल पूछिये । स्टेटमेंट मत पढ़िये ।

श्री वी० सत्यनारायण रेड्डी : मैडम, यह अहम मसला है (व्यवधान) यह किसान का मसला है ? दूसरी चीजों पर घंटों बहस होती है लेकिन जब किसान का मसला आता है उस पर कोई सवाल

THE DEPUTY CHAIRMAN: Please ask questions. Otherwise, I am calling another Member. Sfi7 *fa7?T
crfen; ,

THE DEPUTY CHAIRMAN: You ask questions. You cannot read a statement.

आपको सब्र रखना चाहिए . . . (व्यवधान) तो बैठ जाते हैं, नहीं बोलेंगे हम । (व्यवधान)

आप नहीं बोलेंगे, ठीक है मिस्टर एस "I understand that recently *a.* Committee of the Tobacco Board went into the recurMng problems being faced in the marketing' of tobacco. This बा Committee made two main जैं recommendations which relate to banning the cultivation

यह मैं रिकमेंडेशन्स के बारे में बोलना चाहता हूं । आप पढ़ने नहीं देना चाहती हैं जबकि यहीं मैं पढ़ रहा हूं ।

of tobacco in saline lands, ana imposing restrictions on the areas to be brought under tobacco. My Government is in full agreement with both these recommendations and will certainly implement them.

I am afraid, however, that the implementation of these two recommendations by themselves' will not be adequate to alleviate the distress of the tobacco growers in Andhr$_a$ Pradesh."

Then he has given some suggestions.

"I (recommend a few steps the Government of India may take.

Firstly, in order to eliminate the middlemen at whose mercy the tabacco growers are now placed, it is essential that the ex. port of tobacco is canalised through the STC of India only. Secondly, the total quantity which is to be exported in a year should be notified well before the commencement of the seasons.

This is very important.

"Thirdly, the minimum export prices should be announced by the Government of India well be. fore the tobacco season commences. Lastly, a Tobacco Trading Corporation may be set up on the lines of the Jute Corporation of India and the Tea Trading Cor. paration."

These are some of the important uggestions which the State Govern-nent has given. In respect of other commodities like Tea, cotton, wheat—there are so many other commodities—on the lines of these recommendations, these suggestions, the Govern-nent of India, th$_e$ Agricultural minister, should go into them and see that ;he Jcisan, the farmer, who produces wheat, rice, tobacco, *mirchi* and cotton, must get remunerative prices. Of

[श्री बो० सत्यनारायण रेड्डी]

course, the factory owners are in a position to determine the price of tiheir produce. But the *kisan* is not in a position to determine the price of his produce. So, it is the duty of the Government of India to see that the farmers should get reasonable prices for their produces so that the poverty which is there in the rural areas, especially among the *Kisans* should be eradicated.

I think the Minister who also conies from rural India, know,s the problems of the *Kisans,* knows the problems of the farmers and understands them. I hope he will take appropriate measures so that this problem of not pay-juig retmuinemtive prices Should ibe solved, for ever. Thank you.

SHRI S. W. DHABE: Madam Deputy Chairperson, It is a very important Calling Attention. I am glad you hav» allowed him some time.

Mr. Buta Singh is well known in the country today. Even today he is known as successful sports Minister. In a recent examination, the candidates re. plied that Mr. Buta Singh is still the Sports Minister. I hope that he will be successful in the important Ministry which he is heading now.

Sir, the question wa$_s$ examined by the All India Rural Workers' Conference in Kalmeshwar in 1984, and a very important statement has been made by the Minister, which is the corner, stone of the Government policy on price. The price policy speaks about th$_e$ balanced and integrated price structure in the perspective of the overall needs of the economy.

This means there is no limit to increase the prices of agricultural commodities, because the consumer is likely to be affec+ed. They cannot afford high prices. That seems to be the policy of the Government. But in the market the prices of all agricultural commedities. Take for example vegetables, sugar, etc. . Now suga$_r$ is being sold at Rs. 8.50 per kg. in the city and tomatoes at Rs. 10 per kg. My hon. friend has already pointed abou* these high prices. The main question is: why prices are rising in the market? There is no complete price control. Let us accept the position. Any entrepreneur or the business management as you know, Madam, will fix the price of the commodity after taking into consideration all the factors of the cost structure. Whateer cost is there he wilr increase the prices. He is not bothered whether we purchase or may not purchase. But that is not available to the agriculturists.

Th$_e$ main sector where prices are rising is the administered prices. For . example coal price has 'been increased by 25 per cent. Whether the Government has considered the effect on the agriculturists or the poor rural workers? No. The pric$_e$ of oil, tractors, inputs, insecticides and fertri. lizers have gone up from 150 per cent to 300 per cent. I am surprised to know that there are multi-nationals in the country in insecticide and drug industries. M/s. Hindustan lever is not manufacturing soap alone, but they are manufacturing other items also. These multi-nationals are operating in the agricultural sector also. For manufacturing inputs to the agriculture industry they ar$_e$ getting the fruits and taking the money outside the country. Therefore, if the Government wants the agricultural economy to be viable and th$_e$ agriculturists to survive they should impose moratorium on the prices of inputs and agricultural implements which ar$_e$ required by the agriculturists.

Secondly, why we should not nationalise the multi-national industries which manufacture inputs? These input$_s$ can be manufactured indigenously and the Government can fix reasonable prices. Therefore, my first question is: what steps the Government is going to take to impose moratorium on prices of inputs and agricultural implements at leas^ for five to ten years? What is the increase

in price of inputs for the last three years? I would like the Honourable Minister to consider the matter very seriously. Unless you take some positive steps the agriculturists are bound to be affected. Whenever we demasd more wages for rural workers we are told that they are not getting any profits to pay- more wages. Therefore, to protect the rural economy and the village artisans, it is very essential to impose moratorium on the input prices. If the Government cannot impose moratorium on the input prices, they should give some subsidy to the agriculturists. There is no third way out.

In view of this situation, may I know from the Minister whether there is any thinking on this matter to nationalise the multi-nationals which manufacture inputs?

Thirdly, our rural economy is affected by importing commodite, like wheat, rice and sugar. We are producing abundant rice, wheat and sugar. At what price the Government is importing sugar? But you are giving less price to the cultivators. The Government is giving more price to the imported articles like sugar. If this is so, then the prices must have parity. So my question is; whether the Government is thinking on parity of prices on the imported commodities like sugar, etc.? You are importing from countries where prices are very high. You pay them more and less to our cultivators. This is a bad economy.

I would like the Minister to reply to my three questions Moratorium, nationalisation of multi-nationals and parity of prices on the imported commodities.

श्री वीरेन्द्र वर्मा : माननीय डिप्टी चेयरमैन महोदया, मैंने कृषि मंत्री का स्टेटमेंट सुना । मैं माननीय कृषि मंत्री जी से चंद बातें जानना चाहता हूं । आई०ए०आर०आई० ने एक स्टडी कराई सन् 1970–71 और 1981–82 के इन 12 वर्षों की । क्या यह बात सही नहीं है कि उस स्टडी में डीजल की प्राइसेज बढ़कर आज 732 से ज्यादा हो चुकी हैं । यदि 100 हम उसको मानें तो सन् 1982 तक 732 वह हो चुकी थीं बाद में प्राइसेज बढ़ी हैं । बिजली की प्राइसेज उन 12 वर्षों में 100 की तुलना में 180 हो गई और महोदया मोटे तौर पर कृषि के उत्पादों का मूल्य उन 12 वर्षों में 136 प्रतिशत बढ़ा । वह 100 के मुकाबले में 136 हो गया है । जो इनपुट्स हैं, कृषि उत्पाद के काम में आते हैं, उनके मूल्यों में 317 प्रतिशत वृद्धि हुई है । उसी प्रकार से महोदया, यह जानते हुए और यह समझते हुए कि जो कीमतें आप रखते हैं तो कीमतों में किसान की आर्थिक अवस्था को भी ध्यान में रखा जाता है, क्योंकि देश की आर्थिक अवस्था किसान की आर्थिक अवस्था के साथ सम्बद्ध है । 75 फीसदी से अधिक इस देश में 76 फीसदी किसान हैं । उनकी आर्थिक अवस्था, उनकी अर्थ व्यवस्था जब वे पैदा अधिक करेंगे तो उनकी कीमतें गिरेंगी और जब वे खरीदेंगे तो उसकी कीमतें बढ़ती चली जायेंगी जिनपर कि आपका नियन्त्रण नहीं है । लेकिन अब की बार आपने माना है लोक सभा में भी माना है कि कई वस्तुओं की कीमतें अब भी गिरी हैं । वित्त मंत्री जी ने घोषणा की है गेहूं की कीमतों में भी पिछले साल भर में कमी रही, कीमतें किसान के गेहूं की हों या चावल की, गन्ने की हों या दूसरी चीजों की वे मुकर्रर की जाती हैं, बांध कर रखी जाती हैं, लेकिन हर दो महीने बाद महंगाई बढ़ती रहती है । सरकारी कर्मचारियों और अधिकारियों को महंगाई भत्ता मिलता है । क्या काश्तकार का किसान का बढ़ी हुई कीमतों का, उस बढ़ी हुई महंगाई का उसकी अर्थ व्यवस्था पर क्या कोई प्रभाव नहीं पड़ता ? उस तरफ आप क्या करने जा रहे हैं और क्या आपने किया है ? महोदया, एक इन्स्टीच्यूट आफ इकोनोमिक ग्रोथ दिल्ली है । उन्होंने यह बताया है कि अमरीका में एक किलो गेहूं में एक किलो फर्टिलाइजर नाइट्रोजन खरीदा जा सकता है और हिन्दुस्तान में एक किलो गेहूं में 1/3 यानी अमरीका

[श्री वीरेन्द्र वर्मा]

से तीन गुणा कीमत हिन्दुस्तान में फर्टिलाइजर की ज्यादा है। हालांकि अमरीका हम से कितना मालदार है लेकिन वहां का किसान एक किलो गेहूं से एक किलो नाइट्रोजन खरीद सकता है। इस देश का गरीब किसान जिसमें बहुसंख्यक किसान अलाभकर जोत के हैं सवा छः एकड़ के 65 फीसदी किसान जिनको अलाभकर माना जाता है वह तीन गुणा कीमत अमरीका के किसान से नाईट्रोजन की दे तो फिर वह कैसे नाइट्रोजन खाद का इस्तेमाल कर सकता है? अगर वह उस खाद का इस्तेमाल नहीं कर सकती तो फिर पैदावार कैसे बढ़ सकती है? अगर प्रति एकड़ पैदावार नहीं बढ़ सकती तो फिर उनकी आर्थिक अवस्था में सुधार कैसे हो सकता है? मैं आपको बताऊं, आप भी मेरे से सहमत होंगे, कीटनाशक दवाइयों की कीमतें बढ़ी हैं। मेरे पास उनकी फिगर्ज हैं। अगर 1983 तक की फिगर दूं तो सन् 1971–72 में अगर गेहूं की कीमत सौ रुपए थी तो 1983–84 में बढ़कर वह 210 रुपये हुई है उन कीमतों के हिसाब से, लेकिन जिन चीजों को किसान खरीदता है जैसे डीज़ल की 700 से भी ज्याद हो चुकी है, इनसैक्टी-साइडज की बहुत ज्यादा बढ़ चुकी है, खाद की कीमतें भी बहुत ज्यादा बढ़ चुकी हैं बिजली की कीमतें बढ़ चुकी हैं, मजदूरी भी बढ़ चुकी हैं और ट्रैक्टर जो मल्टीपरपज कार्य में आता है, और मान्यवर यह गलतफहमी भी किसी को नहीं रहनी चाहिए कि ट्रैक्टर कोई बड़ा किसान इस्तेमाल करता है। पश्चिमी उत्तर प्रदेश में चले जाइएगा, पांच एकड़ तक के किसान के पास भी ट्रैक्टर होगा। सब कर्जा लेकर ट्रेक्टर खरीदते हैं और मल्टीपरपज इस्तेमाल करते हैं, सिंचाई के लिए भी, मार्केटिंग के लिए भी, खेत की जुताई के लिए भी, सब प्रकार का कार्य करते हैं और दूसरे कास्तकार का भी खेत जोतते हैं। अब उसकी कीमतें किस हिसाब से बढ़ती चली गई हैं, सबको पता है। आपने घोषणा की पेरिटी आफ प्राइस की, लेकिन कभी आपकी ओर से पैरिटी आफ प्राइस को मेण्टेन करने की कोशिश नहीं की गई। आप किसान की उपज की कीमतों को नियंत्रित रखेंगे और जो चीज किसान खरीदेगा, जैसा अभी श्री कल्पनाथ राय बता रहे थे कि लोहा, जिससे किसान की बहुत सी उपयोगी वस्तुएं बनती हैं, उसके उपकरण बनते हैं, 400 रुपए क्विंटल उसमें इजाफा हुआ है, तो उसके सामान की क्या कीमत होगी, दवाइयों की कीमत आज क्या है। जो चीजें किसान खरीदता है, उसकी कीमतें दुगुनी हो चुकी है।

माननीया, अभी मंत्री जी ने स्टेटमेंट दिया है आलू के संबंध में कि हमने प्राइस सपोर्ट पालिसी के आधार पर कीमतें मुकर्रर की है। माननीया, मैं उत्तर प्रदेश में कृषि मंत्री था, सन् 1976 में, उस वक्त हमने 50 रुपए क्विंटल आलू की कीमत कराई थी और सन् 1976 से आज 1985 हो गया, कितनी महंगाई बढ़ी है, यह तो आप भी स्वीकार करेंगे, लेकिन आपने किसान के आलू की कीमत वही 50 रुपए रखी है इस समय, जबकि इतनी कीमतें बढ़ चुकी है। इस समय तीन गुनी कीमतें बढ़ चुकी हैं, और आपने आलू की कीमत 50 रुपए क्विंटल मुकर्रर की, तो फिर फायदा क्या हुआ? आपने तो यह कीमत मुकर्रर कर दी, लेकिन किसान का आलू 20 रुपए क्विंटल भी नहीं उठा। मजबूर होकर उसका आलू खेत में खड़ा रहा, खेत में पड़ा रहा और उसने उसे अपने खेत में जोत दिया। जब कोई 20 रुपए क्विंटल भी लेने को तैयार नहीं था, तो आपने तो मुकर्रर कर दिया 50 रुपए क्विंटल, लेकिन प्राइस मुकर्रर करने के बाद आपने कोई परचेजिंग की व्यवस्था नहीं की। जहां तक आपने चर्चा की है नेफेड की और स्टेट की एजेन्सी की। यह चाहे स्टेट एजेन्सी हो या नेफेड हो, यह बनी थीं किसानों के हितों के लिए, उपभोक्ताओं के हितों के लिए, लेकिन आज वे अपने मुनाफे के मुताबिक सब बिजनेस करती हैं। उनकी जितनी भी बिजनेस हैं, वह आमदनी की खातिर हैं, अपने मुनाफे के खातिर हैं, किसानों और उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करने के लिए नहीं है।

इसी तरह माननीया, जहां तक चीनी की बात है। चीनी का आज क्या भाव है, 8 रुपए किलो चीनी बिक रही है। आप विदेशों से मगाते हैं 10 लाख टन चीनी और यह चीनी बाजार में उपभोक्ताओं को आप देते हैं 5 रुपए 85 पैसे किलो। आपको यह चीनी किस भाव में पड़ी ? आपको यह चीनी 3 रुपए भी नहीं पड़ती और आप दे रहे हैं 5 रुपए 85 पैसे किलो। आप विदेशों से चीनी मंगवा सकते हैं, फारेन एक्सचेंज खर्च करके चीनी मंगवा सकते हैं, लेकिन अपने देश के किसानों को उचित कीमत नहीं देना चाहते। अभी उस दिन इस हाऊस में राव वीरेन्द्र सिंह जी कह रहे थे, आप भी यहां मौजूद थे कि वर्ष 81–82 में 84 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था, वर्ष 82–83 में 82 लाख टन चीनी का उत्पादन हुआ था और यह भी कहा था कि उससे पेशतर जबकि जनता पार्टी की हुकूमत थी, चीनी का उत्पादन गिर कर 38 लाख टन हो गया था। लेकिन 82–83 के बाद 59 लाख टन हो गया। अभी हमारे कल्पनाथ राय जी कह रहे थे, आपका उत्पादन इस वर्ष 62 लाख टन है। यह 61 लाख टन से नहीं बढ़ेगा, आप भी यहीं हैं और मैं भी यहीं हूं। आप देख लीजिए आपका उत्पादन 61 लाख टन से नहीं बढ़ेगा। तो यह आपका उत्पादन क्यों गिर गया ? क्योंकि आप किसानों को प्राम्प्ट पेमेंट नहीं कराते, मजबूर होकर के वे अपना गन्ना कोल्ह में दे देते हैं, गुड़ बनाते हैं, क्रेशर वालों को दे देते हैं ताकि उनको शीघ्रता से उसके उत्पादन का पेमेंट हो जाता है। इसलिए मान्यवर, अगर आपको विदेशी मुद्रा बचानी है किसानों के हितों की रक्षा करनी है, तो मेरी आपसे यह गुजारिश है कि आप पैरिटी आफ प्राइस जो चीजें किसान पैदा करता है, जो चीजें किसान को अपनी आवश्यकता के लिए चाहिए, चाहे वह खेती के उत्पादन में हो, चाहे दूसरी चीजें हों, उनकी कीमतों में आप समानता लाने की कोशिश करेंगे अगर आप समानता लाएंगे तभी

1-00PM

किसानों की आर्थिक अवस्था को दुरुस्त कर सकेंगे। जो आंकड़े आपने दिए हैं उससे अधिक आंकड़े हमारे पास हैं। हम अलग आप से बातें भी कर सकते हैं। हम यह कहने के लिए तैयार हैं कि '70–71 में जो गेहूं की, जो चावल की, डीजल की, जो फर्टिलाइजर की और दूसरी कीमतें थीं, उनमें आज बहुत ज्यादा इजाफा हुआ है जबकि आपने अनाज की कीमतों में मामूली सी वृद्धि की है, गेहूं की कीमत 3.29 परसेंट बढ़ाई है। आप बता दीजिए कितना कास्ट आफ प्रोडक्शन बढ़ा है, आज कितनी मंहगाई बढ़ी है। ऐसी स्थिति में क्या जस्टीफिकेशन है गेहूं की कीमत केवल 3.29 परसेंट बढ़ाने का किसान का ध्यान नहीं रखा जाता। उसकी क्रय शक्ति घटती चली जाती है। हालात उसके खराब हो रहे हैं।

उपसभापति : लंच के बाद दुबारा चर्चा होगी। 2 बजे तक के लिए सदन की कार्यवाही स्थगित की जाती है ?

The House then adjourned for lunch at one minute past one of the clock.

The House reassembled after lunch at four minutes past two of the clock, the Deputy Chairman in the Chair.

RE. QUORUM BELL BEFORE REASSEMBLING OF THE HOUSE

THE (PEPUTY CHAIRMAN: Yes, Mr. Virendra Verma, you' can continue.

श्री जसवन्त सिंह (राजस्थान) : मेरा एक व्यवस्था का प्रश्न है। आप ने सदन को जब लंच के लिये स्थगित किया था तो उसके पहले एलान किया था कि हम फिर दो बजे मिलेंगे। अब दो बज कर पांच मिनट होने को आ रहे हैं और माननीय मंत्री जी दो बजकर तीन मिनट पर आये हैं। आप किसी समय भी आ जायें यह आप का प्रिरोगेटिव है ....

उप सभापति : घंटी जब बंद होती है तब हम आते हैं।